Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to enhance the honorarium of Anganwadi workers and cooks in the country.

श्री दीपक बैज (बस्तर): माननीय अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मध्यान्ह भोजन रसोइया कार्य कर रहे हैं । वर्तमान में इनका मानदेय कुशल व अकुशल श्रमिकों से भी कम है । ये सरकारी काम से लेकर चुनाव तक का कार्य ईमानदारीपूर्वक कर रहे हैं । छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व रसोइयों का मानदेय बढ़ाया है, लेकिन केन्द्र सरकार के द्वारा मिलने वाली राशि बहुत ही कम है ।

महोदय, आपसे निवेदन है कि इन कार्यकताओं व रसोइयों का मानदेय केन्द्र सरकार बढ़ाए।